**भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,**
**भोपालपानी, देहरादून।**

**संख्याः** 4942 **/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा/2023–24,** **दिनांक** 19 **दिसम्बर, 2023**

**सूचना पत्र**

निदेशालय के पत्र संख्या 4416/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 21 नवम्बर, 2023 एवं पत्र संख्या 4506/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के द्वारा जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एवं नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 के स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के नियम–69 में उल्लिखित प्रावधान के अन्तर्गत 05 वर्ष की अवधि हेतु ठेकेदार/सफल निविदाकार का चयन ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु ऐसे व्यक्ति/कम्पनी/कंसॉरटियम/साझेदारी फर्म/एलएलपी/सोसाईटी जो उक्त कार्य हेतु अर्हता रखते हों, निविदा प्रपत्र में निर्धारित समय–सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की गयी, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 13.12.2023 (बुधवार) प्रातः 11.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी। निविदा समिति की संस्तुति दिनांक 13.12.2023 (बुधवार) के क्रम में निदेशालय के पत्र संख्या 4812/उ0ख0/ई–निविदा तकनी0परि0/2023–24, दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 के द्वारा तकनीकी निविदा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें 02 निविदाकारों को असफल निविदाकार तथा 03 निविदाकारों का सफल निविदाकार घोषित किया गया।

निदेशालय के पत्र संख्या 4820/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा तकनी0परि0/2023–24, दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 के द्वारा जनपद देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर एवं नैनीताल के नदीतल स्थित बालू, बजरी, बोल्डर/आर0बी0एम0 के स्वीकृत खनन पट्टों/खनन अनुज्ञाओं तथा आवेदित/चिन्हित रिक्त उपखनिज खनन लॉटों/खनन अनुज्ञाओं (स्वीकृति के उपरान्त) के धारकों से पट्टाधनराशि/अपरिहार्य भाटक की वसूली हेतु आमंत्रित निविदा प्रपत्र की मात्रा निविदा (Quantity Bid) की वित्तीय निविदा में प्राप्त उच्चतम मात्रा 4,11,00,000 टन का परिणाम एवं ई–ऑक्शन हेतु उच्चतम मात्रा के आधार पर प्रारम्भिक आधार मूल्य (Floor Price) रू0 2,87,70,00,000 (रू0 दो अरब सत्तासी करोड सत्तर लाख मात्र) घोषित किया गया तथा निदेशालय के ई–बोली आमंत्रण प्रपत्र 4828/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–नीला0/2023–24, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 के द्वारा ऑनलाईन ई–नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु दिनांक 15.12.2023 एवं समय अपराह्न 2.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक अनुमति प्रदान की गयी। तदोपरान्त सफल निविदाताओं को www.eauction.gov.in पर ई–बोली (E-Auction) में निर्धारित तिथि दिनांक 15.12.2023 (शुक्रवार) अपराह्न 2.30 बजे प्रारम्भ हुयी तथा सायं 05:16 बजे समाप्त हुयी, जिसमें प्राप्त उच्चतम बोली एवं प्रतिभागियों की Masked आई0डी का विवरण का निम्नवत् है :–

| S.No. | Masked ID | Submitted Date | Bidder Value in Rs. |
|---|---|---|---|
| 01 | 20235057683400 | 15 Dec 2023 – 05:09 PM | 3,03,52,35,000.00 |
| 02 | 20235057683288 | 15 Dec 2023 – 05:03 PM | 3,02,08,50,000.00 |
| 03 | 20235057683194 | 15 Dec 2023 – 04:55 PM | 2,94,89,25,000.00 |

निदेशालय के पत्र संख्या 4859 /उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा/2023–24, दिनांक दिसम्बर, 2023 के द्वारा प्रतिभागियों की Masked आई0डी को Un-Masked किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी। प्रतिभागी निविदाकारों की Masked आई0डी0 को Un-Masked किये जाने के उपरान्त सफल निविदाताओं का क्रमवार विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | Bidders Name | Bidder Value in Rs. | उच्चतम बोलीताओं की क्रमवार घोषणा |
|---|---|---|---|
| 01 | 20235057683400/ Power Mech Projects Limited | 3,03,52,35,000.00 | H1 |
| 02 | 20235057683288/ Sainik Industries Private Limited | 3,02,08,50,000.00 | H2 |
| 03 | 20235057683194/ SRC Infra Developers Private Limited | 2,94,89,25,000.00 | H3 |

उच्चतम बोलीदाता Power Mech Projects Limited, Plot No. 77, Jubliee Enclave, Opp. Hitech Arch, Hi Tech City, Madhapur, Hyderabad- 500081, Telangana, India द्वारा निविदा प्रपत्र के बिन्दु संख्या–07 के

अनुसार उच्चतम बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत सुरक्षा राशि (Security Money) के रूप में पूर्व में जमा ई0एम0डी0 धनराशि पंजाब नेशनल बैक, एल0सी0बी0, बंजारा हिल्स, हैदराबाद द्वारा निर्गत बैक गारन्टी संख्या 44370ILG053123, दिनांक 08.12.2023, रू0 17,00,00,000.00 एवं बैक गारन्टी संख्या 5625IPEBG230037, दिनांक 08.12.2023, रू0 11,00,00,000.00, कुल रू0 28,00,000,00.00 (रू0 अट्ठाईस करोड मात्र) मूल रूप में निदेशालय में जमा की गई है तथा निविदाकार द्वारा बोली गई उच्चतम बोली रू0 3,03,52,35,000.00 का 25 प्रतिशत धनराशि रू0 75,88,08,750.00 (रू0 पिचहत्तर करोड अठासी लाख आठ हजार सात सौ पचास मात्र) आंगणित होती है, **के अन्तर की धनराशि (रू0 75,88,08,750.00 – 28,00,000,00.00 = 47,88,08,750.00) रू0 47,88,08,750.00 (रू0 सैंतालीस करोड अठासी लाख आठ हजार सात सौ पचास मात्र)** 15 कार्यदिवस के अन्तर्गत निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में पेमेंन्ट गेटवे के माध्यम से अथवा एफ0डी0आर0 या बैक गारन्टी के रूप में जमा की जायेगी, ताकि उक्त धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा सफल प्रतिभागी को वचनबद्ध प्रस्तुत करने एवं अनुबन्ध निष्पादन हेतु पत्र जारी किया जा सकें।

अतः उच्चतम बोलीदाता Power Mech Projects Limited, Plot No. 77, Jubliee Enclave, Opp. Hitech Arch, Hi Tech City, Madhapur, Hyderabad- 500081, Telangana, India को निर्देशित किया जाता है कि निविदा प्रपत्र के बिन्दु संख्या–07 के अनुसार 25 प्रतिशत सुरक्षा राशि (Security Money) की अवशेष धनराशि रू0 47,88,08,750.00 (रू0 सैंतालीस करोड अठासी लाख आठ हजार सात सौ पचास मात्र) 15 कार्यदिवस के अन्तर्गत विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में पेमेंन्ट गेटवे के माध्यम से अथवा एफ0डी0आर0 या बैक गारन्टी के रूप में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि तदोपरान्त वचनबद्ध प्रस्तुत करने एवं अनुबन्ध निष्पादन हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

19/12/23

**(एस0एल0 पैट्रिक)**
निदेशक

**संख्याः 4942/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई–निविदा/2023–24, तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–**

1. सचिव, खनन, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. Power Mech Projects Limited, Plot No. 77, Jubliee Enclave, Opp. Hitech Arch, Hi Tech City, Madhapur, Hyderabad- 500081, Telangana, India.

19/12/23

**(एस0एल0 पैट्रिक)**
निदेशक